भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 873**

दिनांक 26 जुलाई, 2024 को उत्तर के लिए

**आंध्र प्रदेश में बच्चों में कुपोषण**

**873. श्री केसिनेनी शिवनाथ:**

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगी कि :-

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश में कुपोषित बच्चों का राज्य-वार, विशेषकर आंध्र प्रदेश राज्य में जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) आंध्र प्रदेश राज्य में कुपोषण के उपचार के लिए सरकार द्वारा कार्यान्वित की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त योजनाओं के लिए उपलब्ध कराई गई निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और कितनी धनराशि का उपयोग किया गया है?

**उत्तर**

**महिला एवं बाल विकास मंत्री**

**(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)**

**(क) :** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) बच्चों के पोषण संकेतकों को दर्शाता है। नवीनतम एनएफएचएस-5 (2019-21) रिपोर्ट के अनुसार 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए राष्ट्रीय पोषण संकेतक इस प्रकार हैं: ठिगनापन 35.5%, दुबलापन 19.3% और कम वजन 32.1% है। एनएफएचएस-5 रिपोर्ट के अनुसार आंध्र प्रदेश राज्य के 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पोषण संकेतक इस प्रकार हैं: ठिगनापन 31.2%, दुबलापन 16.1% और कम वजन 29.6% है।

जून 2024 के माह के पोषण ट्रैकर के आंकड़ों के अनुसार 6 वर्ष से कम आयु के लगभग 8.57 करोड़ बच्चों का मापन गया जिनमें से 35% बच्चे ठिगने, केवल 17% कम-वजन वाले और 5 वर्ष से कम आयु के केवल 6% बच्चे दुबले पाए गए। पोषण ट्रैकर से प्राप्त आंकड़ों से बच्चों में अल्पवजन और दुबलापन का स्तर एनएफएचएस 5 द्वारा अनुमानित स्तर से बहुत कम है।

आंध्र प्रदेश राज्य के लिए पोषण ट्रैकर के जून 2024 के आंकड़ों के अनुसार 20% बच्चे ठिगने हैं, 5% बच्चे दुबले हैं और 10% बच्चे कम वजन वाले हैं। जून 2022, जून 2023 और जून 2024 के आंध्र प्रदेश राज्य सहित बच्चों की पोषण स्थिति का राज्यवार आंकड़ा पोषण ट्रैकर के आंकड़ों को अनुलग्नक I में है। पोषण ट्रैकर के जून 2024 के आंकड़ों के अनुसार आंध्र प्रदेश राज्य के बच्चों की जिलावार पोषण स्थिति **अनुलग्नक-II** में है।

(ख) : 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत आंगनवाड़ी सेवाएं, पोषण अभियान और किशोरियों (आकांक्षी जिलों और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 14-18 वर्ष) के लिए योजना को मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 (मिशन पोषण 2.0) के अंतर्गत शामिल किया गया। मिशन पोषण 2.0 का उद्देश्य बेहतर पोषण सामग्री और प्रदायगी के माध्यम से कुपोषण की चुनौती का समाधान करना है। यह एक सार्वभौमिक स्व-चयनित(नो एंट्री बैरियर) योजना है जो आंगनवाड़ी केंद्रों में नामांकन करने वाले सभी लाभार्थियों के लिए उपलब्ध है और इसे आंध्रप्रदेश राज्य सहित देश भर के सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में क्रियान्वित किया जा रहा है।

मिशन पोषण 2.0 के तहत सामुदायिक भागीदारी, आउटरीच, व्यवहार परिवर्तन और प्रचार के माध्यम से कुपोषण में कमी और बेहतर स्वास्थ्य, कल्याण और प्रतिरक्षा के लिए रणनीतिक परिवर्तन किया गया है। मिशन पोषण 2.0 मातृ पोषण, शिशु और छोटे बच्चों के आहार मानदंडों, गंभीर तीव्र कुपोषण (एसएएम)/ मध्यम तीव्र कुपोषण (एमएएम) के उपचार और आयुष पद्धतियों के माध्यम से स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करता है ताकि ठिगनेपन और एनीमिया के अलावा कुपोषण और कम वजन के प्रचलन को कम किया जा सके।

पूरक पोषण राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की अनुसूची-II में निहित पोषण मानदंडों के अनुसार प्रदान किया जाता है। इन पोषण मानदंडों में कुपोषण की चुनौती से अधिक प्रभावी ढंग से निपटने के लिए संशोधित किया गया है। पुराने मानदंड काफी सीमा तक कैलोरी-विशिष्ट थे हालांकि संशोधित मानदंड आहार विविधता के सिद्धांतों के आधार पर पूरक पोषण की मात्रा और गुणवत्ता दोनों के संदर्भ में अधिक व्यापक और संतुलित हैं जो गुणवत्ता वाले प्रोटीन, स्वस्थ वसा और सूक्ष्म पोषक तत्व प्रदान करते हैं।

महिलाओं और बच्चों में एनीमिया को नियंत्रित करने और सूक्ष्म पोषक तत्वों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों को केवल फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति की जा रही है। लाभार्थियों के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर सप्ताह में कम से कम एक बार पका हुआ गर्म भोजन और टेक होम राशन (टीएचआर - कच्चा राशन नहीं) तैयार करने के लिए मोटे अनाज के उपयोग पर अधिक बल दिया जा रहा है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने संयुक्त रूप से बच्चों में गंभीर कुपोषण की रोकथाम एवं उपचार तथा इससे संबंधित रुग्णता एवं मृत्यु दर में कमी लाने के लिए सामुदायिक कुपोषण प्रबंधन (सीएमएएम) प्रोटोकॉल जारी किया।

मिशन पोषण 2.0 के तहत की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों में से एक सामुदायिक जुटाव और जागरूकता हिमायत है जिसके तहत लोगों को पोषण संबंधी पहलुओं के बारे में शिक्षित करने के लिए जन आंदोलन चलाया जाता है। राज्य और संघ राज्य क्षेत्र क्रमशः सितंबर और मार्च-अप्रैल के माह में मनाए जाने वाले पोषण माह और पोषण पखवाड़ा के दौरान सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रमों के तहत नियमित रूप से जागरूकता गतिविधियों का आयोजन और रिपोर्टिंग कर रहे हैं। समुदाय आधारित कार्यक्रम (सीबीई) पोषण प्रथाओं को बदलने में एक महत्वपूर्ण कार्यनीति के रूप में काम कर रहे हैं और सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को प्रत्येक माह दो समुदाय आधारित कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता है।

**(ग) :** मिशन पोषण 2.0 योजना के अंतर्गत प्रदान की गई धनराशि का वर्षवार विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

*****

**अनुलग्नक I**

**श्री केसिनेनी शिवनाथ द्वारा पूछे गए "आंध्र प्रदेश में बच्चों में कुपोषण" के संबंध में दिनांक 26.07.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 873 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

**(क)** पोषण ट्रैकर द्वारा जून 2024 तक देश में कुपोषित बच्चों (0-5 वर्ष) का राज्यवार विवरण इस प्रकार है:

| राज्य | ठिगनापन(%) | दुबलेपन (%) | कम-वजन(%) |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 20.68 | 5.61 | 9.75 |
| अरुणाचल प्रदेश | 29.45 | 4.03 | 8.31 |
| असम | 41.98 | 4.59 | 16.68 |
| बिहार | 40.35 | 9.81 | 21.95 |
| छत्तीसगढ़ | 18.22 | 8.92 | 12.31 |
| गोवा | 5.84 | 0.85 | 2.18 |
| गुजरात | 39.73 | 9.16 | 21.39 |
| हरियाणा | 24.43 | 4.22 | 7.68 |
| हिमाचल प्रदेश | 17.97 | 1.73 | 5.97 |
| झारखंड | 39.33 | 6.79 | 17.56 |
| कर्नाटक | 35.5 | 3.9 | 16.23 |
| केरल | 31.98 | 2.59 | 9.11 |
| मध्य प्रदेश | 41.61 | 8.46 | 26.21 |
| महाराष्ट्र | 44.59 | 4.84 | 16.65 |
| मणिपुर | 12.68 | 0.77 | 5.31 |
| मेघालय | 22.02 | 0.79 | 5.45 |
| मिजोरम | 23.72 | 2.51 | 5.59 |
| नागालैंड | 24.98 | 6.45 | 6.38 |
| ओडिशा | 22.83 | 3.34 | 11.57 |
| पंजाब | 17.65 | 3.17 | 5.57 |
| राजस्थान | 32.79 | 6.24 | 16.16 |
| सिक्किम | 12.5 | 1.96 | 2.36 |
| तमिलनाडु | 15.62 | 3.84 | 7.19 |
| तेलंगाना | 31.27 | 6.68 | 16.54 |
| त्रिपुरा | 37.88 | 6.65 | 15.36 |
| उत्तर प्रदेश | 46.36 | 5.07 | 18.95 |
| उत्तराखंड | 22.27 | 2.11 | 5.59 |

| राज्य | ठिगनापन(%) | दुबलेपन (%) | कम-वजन(%) |
|---|---|---|---|
| पश्चिम बंगाल | 36.14 | 7.87 | 12.29 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 14.03 | 3.51 | 6.55 |
| दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव | 39.46 | 8.61 | 26.41 |
| दिल्ली | 39.43 | 3.22 | 19 |
| जम्मू तथा कश्मीर | 13.22 | 1.35 | 3.31 |
| लद्दाख | 13.07 | 0.66 | 2.62 |
| लक्षद्वीप | 46.31 | 13.22 | 23.25 |
| पुदुचेरी | 32.26 | 7.24 | 10.87 |
| चंडीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र | 20.7 | 2.88 | 11.76 |
| भारत | 36.52 | 6.03 | 16.43 |

**(ख)** पोषण ट्रैकर द्वारा जून 2023 तक देश में कुपोषित बच्चों (0-5 वर्ष) का राज्यवार ब्यौरा इस प्रकार है:

| राज्य | ठिगनापन(%) | दुबलेपन (%) | कम-वजन(%) |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 19.22 | 5.01 | 8.87 |
| अरुणाचल प्रदेश | 34.72 | 5.59 | 13.08 |
| असम | 37.93 | 5.6 | 16.49 |
| बिहार | 43.54 | 9.79 | 24.13 |
| छत्तीसगढ़ | 37.16 | 13.99 | 19.15 |
| गोवा | 27.77 | 4.24 | 9.56 |
| गुजरात | 43.78 | 8.22 | 20.4 |
| हरियाणा | 24.84 | 5.5 | 9.29 |
| हिमाचल प्रदेश | 22.72 | 2.44 | 7.35 |
| झारखंड | 37.64 | 8.99 | 19.83 |
| कर्नाटक | 41.9 | 8.07 | 19.65 |
| केरल | 37.39 | 7.18 | 12.69 |
| मध्य प्रदेश | 53.44 | 10.59 | 30.27 |
| महाराष्ट्र | 48.45 | 6.35 | 19.03 |
| मणिपुर | 9.63 | 0.64 | 2.57 |
| मेघालय | 27.18 | 1.89 | 7.49 |
| मिजोरम | 24.22 | 3.95 | 6.33 |
| नागालैंड | 36.56 | 5.82 | 14.93 |

| राज्य | ठिगनापन(%) | दुबलेपन (%) | कम-वजन(%) |
|---|---|---|---|
| ओडिशा | 32.63 | 3.79 | 14.02 |
| पंजाब | 22.88 | 6.56 | 10.61 |
| राजस्थान | 32.63 | 6.97 | 16.07 |
| सिक्किम | 13.35 | 2.15 | 3.06 |
| तमिलनाडु | 19.59 | 4.88 | 9.06 |
| तेलंगाना | 28.91 | 4.69 | 13.19 |
| त्रिपुरा | 37.88 | 7.39 | 16.06 |
| उत्तर प्रदेश | 46.27 | 5.81 | 19.46 |
| उत्तराखंड | 30.84 | 5.89 | 8.05 |
| पश्चिम बंगाल | 39.15 | 8.7 | 13.62 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 19.16 | 5.52 | 8.91 |
| दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव | 52.95 | 12.24 | 37.08 |
| दिल्ली | 25.45 | 2.68 | 12.55 |
| जम्मू तथा कश्मीर | 18.52 | 2.13 | 5.71 |
| लद्दाख | 17.84 | 2.35 | 4.41 |
| लक्षद्वीप | 48.67 | 15.38 | 31.95 |
| पुदुचेरी | 27.47 | 7.43 | 10.3 |
| संघ राज्य क्षेत्र-चंडीगढ़ | 33.37 | 1.3 | 12.3 |
| **भारत** | 40.03 | 7.14 | 18.12 |

**(ग)** पोषण ट्रैकर द्वारा जून 2022 के लिए देश में कुपोषित बच्चों (0-5 वर्ष) का राज्यवार विवरण इस प्रकार है:

| राज्य | ठिगनापन(%) | दुबलेपन (%) | कम-वजन(%) |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 18.74 | 5.64 | 10.63 |
| अरुणाचल प्रदेश | 34.32 | 7.36 | 13.35 |
| असम | 38.99 | 9.06 | 19.93 |
| बिहार | 44.53 | 10.84 | 27.22 |
| छत्तीसगढ़ | 42.32 | 13.23 | 21.89 |
| गोवा | 33.74 | 6.72 | 13.93 |
| गुजरात | 51.92 | 8.5 | 23.54 |
| हरियाणा | 27.12 | 9.48 | 15.72 |
| हिमाचल प्रदेश | 23.45 | 5.07 | 10.63 |

| राज्य | ठिगनापन(%) | दुबलेपन (%) | कम-वजन(%) |
|---|---|---|---|
| झारखंड | 44.57 | 12.79 | 27.68 |
| कर्नाटक | 38.12 | 8.98 | 20.04 |
| केरल | 35.54 | 9.66 | 16.55 |
| मध्य प्रदेश | 45.67 | 13.51 | 33.61 |
| महाराष्ट्र | 45.9 | 7.96 | 21.4 |
| मणिपुर | 20.44 | 2.75 | 8.81 |
| मेघालय | 30.6 | 5.59 | 11.36 |
| मिजोरम | 23.42 | 5.41 | 8.89 |
| नागालैंड | 31.36 | 4.14 | 10.65 |
| ओडिशा | 27.45 | 7.29 | 14.99 |
| पंजाब | 22.08 | 9.54 | 12.58 |
| राजस्थान | 38.72 | 14.19 | 22.79 |
| सिक्किम | 11.1 | 2.58 | 3.39 |
| तमिलनाडु | 21.67 | 7.14 | 12.42 |
| तेलंगाना | 32.7 | 7.76 | 16.51 |
| त्रिपुरा | 37.74 | 10.04 | 17.96 |
| उत्तर प्रदेश | 44.13 | 11.32 | 22.76 |
| उत्तराखंड | 31.29 | 6.96 | 8.53 |
| पश्चिम बंगाल | 41.52 | 10.43 | 18.33 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 23.74 | 6.55 | 9.65 |
| दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव | 48.1 | 19.6 | 41.56 |
| दिल्ली | 33.15 | 7.79 | 19.11 |
| जम्मू तथा कश्मीर | 14.3 | 1.97 | 6.17 |
| लद्दाख | 25.86 | 3.76 | 6.6 |
| लक्षद्वीप | एनए | एनए | एनए |
| पुडुचेरी | 23.75 | 9.65 | 11.6 |
| संघ राज्य क्षेत्र -चंडीगढ़ | 34.47 | 6.09 | 18.4 |
| **भारत** | 39.07 | 9.49 | 20.74 |

**अनुलग्नक II**

आंध्र प्रदेश में कुपोषित बच्चों (0-5 वर्ष) का जिलावार विवरण इस प्रकार है *:

| राज्य | ठिगनापन(%) | दुबलेपन (%) | कम-वजन(%) |
|---|---|---|---|
| अल्लूरी सीतारामाराजू | 40.93 | 12.62 | 23.68 |
| अनकापल्ली | 18.05 | 5.56 | 8.47 |
| अनंतपुर | 23.38 | 5.72 | 11.5 |
| अन्नामय्या | 18.12 | 5 | 6.91 |
| बापतला | 16.26 | 4.24 | 6.7 |
| चित्तूर | 22.19 | 6.36 | 9.81 |
| डॉ. बी. आर. अम्बेडकर कोनासीमा | 21.62 | 5.05 | 10.35 |
| पूर्वी गोदावरी | 18.27 | 4.59 | 9.02 |
| एलुरु | 19.03 | 6.85 | 10.08 |
| गुंटूर | 15.27 | 4.28 | 5.94 |
| काकीनाडा | 20 | 5.33 | 9.8 |
| कृष्णा | 14.82 | 4.04 | 6.03 |
| कर्नूल | 27.57 | 5.79 | 13.94 |
| नांदयाल | 32.99 | 6.72 | 16.95 |
| एनटीआर | 18.77 | 4.2 | 7.48 |
| पलनाडु | 16.12 | 4.79 | 6.69 |
| पार्वतीपुरम मान्यम | 23.17 | 6.78 | 11.86 |
| प्रकाशम | 16.64 | 4.29 | 6.68 |
| एसपीएसआर नेल्लोर | 19.55 | 7.16 | 10.45 |
| श्री सत्य साईं | 20.71 | 5.99 | 9.33 |
| श्रीकाकुलम | 18.68 | 5.96 | 8.12 |
| तिरुपति | 17.13 | 5.33 | 7.21 |
| विशाखापट्टनम | 19.23 | 5.31 | 7.58 |
| विजयनगरम | 20.43 | 5.38 | 10.46 |
| पश्चिम गोदावरी | 15.41 | 4.73 | 8.45 |
| वाई.एस.आर कडप्पा | 18.08 | 4.28 | 7.59 |

* जून 2024 माह के लिए पोषण ट्रैकर पर उपलब्ध विवरण के अनुसार

**<u>अनुलग्नक III</u>**

वर्षवार मिशन पोषण 2.0 योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई धनराशि का राज्यवार विवरण उपयोग सहित निम्नानुसार है:

| **राज्य का नाम** | **राशि करोड़ रूपये में** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2021-22** | | **2022-23** | | **2023-24** | |
| | **जारी की गई धनराशि** | **उपयोग की गई निधि** | **जारी की गई धनराशि** | **उपयोग की गई निधि** | **जारी की गई धनराशि** | **उपयोग की गई निधि** |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 19.71 | 13.36 | 3.85 | 3.88 | 12.15 | उपयोग प्रमाण पत्र देय नहीं |
| आंध्र प्रदेश | 744.60 | 749.91 | 827.79 | 721.45 | 705.68 | |
| अरुणाचल प्रदेश | 170.83 | 230.77 | 137.78 | 145.74 | 162.06 | |
| असम | 1319.90 | 1432.19 | 1651.63 | 1717.00 | 2233.31 | |
| बिहार | 1574.43 | 1608.02 | 1740.09 | 1586.61 | 1859.29 | |
| चंडीगढ़ | 15.32 | 23.09 | 33.10 | 34.33 | 19.79 | |
| छत्तीसगढ़ | 606.73 | 522.72 | 668.96 | 571.80 | 579.46 | |
| दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव | 9.33 | 9.56 | 5.80 | 5.80 | 11.97 | |
| दिल्ली | 133.11 | 125.52 | 182.77 | 142.84 | 161.81 | |
| गोवा | 10.84 | 12.92 | 14.71 | 16.83 | 13.95 | |
| गुजरात | 839.86 | 757.92 | 912.64 | 552.30 | 1126.80 | |
| हरियाणा | 173.03 | 146.99 | 195.25 | 150.24 | 225.78 | |
| हिमाचल प्रदेश | 247.99 | 386.68 | 270.24 | 247.76 | 301.09 | |
| जम्मू और कश्मीर | 405.74 | 704.57 | 479.01 | 416.23 | 530.88 | |
| झारखंड | 352.98 | 183.30 | 430.91 | 596.03 | 664.30 | |
| कर्नाटक | 1003.70 | 984.62 | 765.87 | 885.65 | 912.96 | |
| केरल | 388.23 | 397.98 | 444.98 | 325.43 | 306.64 | |
| लद्दाख | 14.70 | 14.67 | 18.79 | 18.79 | 19.62 | |
| लक्षद्वीप | 2.11 | 2.73 | 0.44 | 0.44 | 2.88 | |
| मध्य प्रदेश | 1085.47 | 1055.83 | 1011.57 | 1038.67 | 1123.11 | |
| महाराष्ट्र | 1713.39 | 1609.02 | 1646.17 | 1589.97 | 1699.52 | |
| मणिपुर | 228.92 | 177.28 | 135.95 | 167.74 | 201.28 | |
| मेघालय | 173.33 | 177.86 | 192.39 | 200.24 | 269.69 | |

| राज्य का नाम | राशि करोड़ रूपये में | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
| | जारी की गई धनराशि | उपयोग की गई निधि | जारी की गई धनराशि | उपयोग की गई निधि | जारी की गई धनराशि | उपयोग की गई निधि |
| मिजोरम | 59.32 | 61.57 | 42.81 | 53.02 | 100.27 | |
| नागालैंड | 159.80 | 160.21 | 199.30 | 190.47 | 262.91 | |
| ओडिशा | 1065.98 | 871.20 | 923.92 | 884.96 | 968.80 | |
| पुदुचेरी | 2.78 | 6.13 | 0.12 | 6.68 | 4.48 | |
| पंजाब | 383.52 | 177.94 | 75.31 | 247.25 | 307.87 | |
| राजस्थान | 682.65 | 771.64 | 974.02 | 936.17 | 1091.96 | |
| सिक्किम | 25.73 | 24.59 | 20.33 | 24.09 | 33.49 | |
| तमिलनाडु | 655.38 | 681.28 | 766.81 | 741.30 | 880.79 | |
| तेलंगाना | 482.33 | 479.30 | 550.69 | 503.33 | 507.87 | |
| त्रिपुरा | 186.72 | 171.66 | 150.52 | 186.55 | 244.22 | |
| उत्तर प्रदेश | 2407.55 | 2341.91 | 2721.87 | 2622.64 | 2668.69 | |
| उत्तराखंड | 353.65 | 336.03 | 425.84 | 364.77 | 288.24 | |
| पश्चिम बंगाल | 668.35 | 1378.31 | 1227.59 | 1455.89 | 1237.56 | |

*****